11 OCT 12 2026.qxd 10-10-2026 22:44 Page 1

पितृ विसर्जन : संगममें लगायी डुबकी, पितरोंको नमनकर किया विदा

विधि-विधानसे तीर्थ पुरोहितोंने कराया तर्पण एवं पिण्डदान, गाय, कुत्ता एवं कौवोंके लिए निकाला भोजन

पंद्रह दिवसीय पितृ पक्ष का समापन शनिवार को पितृ विसर्जन के साथ हो गया। संगम तट पर सुबह से श्रद्धालुओं को भारी भीड़ उमड़ी रही। संगम में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पिछले पंद्रह दिनों में पूजन कार्य में हुई भूल-चूक के लिए माफी मांगते हुए अपने पितरों को नमन कर विदा कर दिया।



पितृ विसर्जन के मौके पर त्रिवेणी संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम पर लोग अपने पूर्वजों के निमित्त पुरोहितों से तर्पण, पिंडदान और धार्मिक अनुष्ठान कराने पहुंचे। संगम तट पर वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के बीच श्रद्धालुओं ने अपने पितरों को श्रद्धापूर्वक विदाई दी। साथ ही उनकी आत्मिक शांति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही ब्राह्मणों को भोजन कराया और यथाशक्ति दान भी दिया। घरों में भी पितरों की विदाई की गयी।

खीर-पूरी सहित अन्य व्यंजन बनाये और पितरों को अर्पण कर गाय, कुत्ता एवं कौवों के लिए भोजन निकाला फिर स्वयं ग्रहण किया। इसके अलावा जिन श्रद्धालुओं को अपने पूर्वजों की देहावसान की तिथि ज्ञात नहीं थी, उन्होंने भी इस दिन सर्वपितृ अमावस्या श्राद्ध तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोज और जरूरतमंदों को अन्न-धन का दान किया।

पूजा पंडालोंमें सक्रिय रहेगी मिशन शक्ति टीम

महिला पुलिस कर्मियोंकी लगेगी ड्यूटी, महिलाओं एवं बालिकाओंको उनके अधिकारों की दी जायेगी जानकारी

नवरात्र पर मां दुर्गा की उपासना के लिए जगह-जगह पूजा पंडाल सजाए गए हैं। इस बार पंडाल की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति की टीम सक्रिय की गई है। यह टीम सुबह-शाम पंडाल में महिलाओं और बेटियों को नारी शक्ति को समर्पित मिशन शक्ति अभियान के बाबत जानकारी देगी। साथ ही कानूनी सहायता के लिए भी निश्शुल्क नंबरों की जानकारी दी जाएगी। पंडाल में मिशन शक्ति को लेकर पोस्टर आदि भी चस्पा कराए जाएंगे। जिले में छोटे-बड़े करीब एक हजार से अधिक पंडालों में जगत-जननी मां दुर्गा विराजेंगी। पूजा पंडालों में मिशन शक्ति अभियान फेस-५.० के तहत पुलिस अधिकारियों ने पूरी तैयारी कर ली है। यहां महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मिशन शक्ति टीम महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताएगी। महिलाओं व बालिकाओं से सीधे बातचीत कर छेड़छाड़, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा या किसी अन्य परेशानी की स्थिति में चुप रहने के बजाय तत्काल मदद लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पुलिस टीम महिलाओं और बालिकाओं को ११२, १०९०, १८१, १०९८ और १९३० समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देंगी। साइबर ठगी से बचने के लिए ओटीपी साझा नहीं करने, अनजान लिंक नहीं खोलने और संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने के लिए भी जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा थानों पर बनी महिला हेल्प डेस्क पर महिलाओं को जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता, काउंसिलिंग और संबंधित विभागों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

पूजा पंडालों में दो चरणों में मिशन शक्ति के तहत ड्यूटी लगाई जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह से शाम और दूसरे शाम से रात तक लगेगी। इसें एक महिला दारोगा के साथ ही दो से तीन महिला सिपाही रहेंगी।



नौ दिन मांकी आराधनाके लिए शक्तिपीठ मंदिरोंमें तैयारी पूरी

शारदीय नवरात्र ११ अक्तूबर से प्रारम्भ हो रहा है। ऐसे में नगर में शक्तिपीठ मंदिर मां अलोपशंकरी, मां ललिता देवी एवं मां कल्याणी देवी मंदिर में मां की आराधना के लिए सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। भोर में मां के भव्य श्रृंगार के साथ श्रद्धालुओं के लिए पट खुल जायेगा। तीनों शक्तिपीठ मंदिरों के अंदर एवं बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

मां अलोपशंकरी मंदिर के गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है। मुख्य द्वार से लेकर पूरे परिसर में श्रद्धालु परिक्रमा करते हुए मां के दर्शन के लिए गर्भगृह में पहुंचेंगे। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मीरापुर स्थित सिद्धपीठ त्रिपुर सुंदरी मां ललिता देवी मंदिर में मां का शैलपुत्री स्वरूप में बहुरंगी और सुगंधित फूलों से दिव्य महाश्रृंगार किया जाएगा। मां-दिर परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से भव्य रूप से सजाया गया है। साथ ही मंदिर के मुख्य मार्ग को भी आकर्षक झालरों से सजाया गया है। दोपहर में महिला मंडली की ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन भी होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिमोहन वर्मा और महामंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया कि नवरात्र के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है। पूरे नवरात्रि भर प्रतिदिन सुबह ११ ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ और रात्रि में २१ ब्राह्मणों द्वारा शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल आरती के पश्चात् भंडारे का आयोजन किया गया है। सुबह पांच बजे से अपरान्ह एक बजे तक और फिर सायंकाल चार बजे से रात्रि १२ बजे तक मां-दिर दर्शनार्थियों के लिए खुला रहेगा। मीडिया प्रभारी सुमित श्रीवास्तव के अनुसार प्रथम दिन की रात्रि में बृजभान एंड पार्टी की ओर से विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह मां कल्याणी देवी मंदिर में प्रतिदिन मां कल्याणी देवी के भव्य नवीन नवदुर्गा के स्वरूप में शाम छह बजे से रात्रि १२ बजे तक दर्शन होगा। सम्पूर्ण मंदिर की सज्जा फूलों, फलों, सब्जी आदि सामग्रियों की जायेगी। प्रतिदिन मां कल्याणी की मंगला आरती प्रातः ५.१५ बजे पं. श्यामजी पाठक करेंगे। मां के दर्शन, भजन का क्रम मध्यान्ह एक बजे तक चलेगा, तत्पश्चात मां का महाभिषेक एवं षोडशोपचार पूजन के बाद मां के शैलपुत्री स्वरूप का श्रृंगार का दर्शन रात्रि १२ बजे तक भक्तों को प्राप्त होगा। मां की महाआरती शा सात बजे एवं शयन आरती रात्र एक बजे पं. सुशील कुमार पाठक करेंगे। वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा शतचण्डी महायज्ञ प्रातः ८ से ११ एवं सांय ४.३० से ६.३० बजे सम्पूर्ण नवरात्रि तक किया जायेगा। १९ अक्तूबर नवमी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत मंदिर एवं मंदिर परिसर के बाहर आकर्षक विद्युत सज्जा की जायेगी।

आकर्षक विद्युत झालरों एवं बहुरंगी फूलोंसे सजा मांका दरबार



अल्लापुरमें भव्यताके साथ निकली भगवान गणेशकी शोभायात्रा

बाघंबरी क्षेत्र श्री रामलीला कमेटी की ओर से शनिवार को रामलीला की शुरुआत हुई। सर्वप्रथम विघ्न विनाशक श्री गणेश का पूजन और फिर शोभयात्रा निकाली गयी। अल्लापुर की सड़कों पर दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने विघ्न विनाशक के दर्शन किये और पुष्प अर्पित कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इससे पूर्व विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने षोडशोपचार पूजन किया। पूजन के उपरांत भव्य शोभा यात्रा का आगाज हुआ। जिसमें अलग अलग रथों पर हाथी की विशाल प्रतिमा, श्री गणेश जी की सात फीट ऊंची प्रतिमा और आचार्य शहनाई, गाजे-बाजे के साथ चले। यात्रा रामलीला पार्क से प्रारंभ लेबर चौराहा, बजरंग चौराहा , पंजाबी कालोनी, बाघंबरी रोड, अल्लापुर पुलिस चौकी, लालता चौराहा होते हुए पुनः रामलीला पार्क आकर पूर्ण हुई। यात्रा में मठ बाघंबरी गद्दी में ५१ आचार्यों ने भगवान का पूजन किया। इसके उपरांत प्रसिद्ध मंडली 'भजन गंधर्व यज्ञ' के कलाकारों द्वारा रत्नेश दुबे के निर्देशन में रामलीला मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रीशंकर द्विवेदी, आचार्य शिवम पांडेय, भानु सिंह पटेल, दिनेश पाण्डे, कमलेश दुबे, ऋषिशंकर द्विवेदी, पार्षद सोनू पटेल, अनिल मालवीय, गिरिजेश त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, शशि शेखर तिवारी, कक्कू पाण्डेय, शैलेन्द्र पांडे शीलू, रेवती रमन त्रिपाठी सोहगौरा, आचार्य राजेश त्रिपाठी, सत्य प्रकाश, दिलीप पासी, सतीश गुप्ता, विकास केसरवानी, श्रीश चंद्र दुबे, मनीष जैन, क्रमांक पटेल, गौरव साहू, सारिका शर्मा, शानू भट्ट सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

देवीके शैलपुत्री स्वरूपका दर्शन-पूजन आज




नवरात्रके पहले दिन देवी के। शैलपुत्री स्वरुप का दर्शन-पूजन किया जायेगा। मां दुर्गाको सर्वप्रथम शैल पुत्रीके रूपमें पूजा जाता है। हिमालयके यहां पुत्री के रूप में जन्म लेनेके कारण उनका नामकरण शैलपुत्री हुआ। इनका वाहन वृषभहै। इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती है। इस देवी ने दाएं हांथ में त्रिशूल धारणकर रखा है। और बाएं हांथ में कमल सुशोभित है। यही सती के नाम से भी जानी जाती है। यही सती अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मीं और शैलपुत्री कहलायीं। शैल यानी पत्थर। इस रूपकी आराधनासे मन पत्थरके समान मजबूत होता है। इससे प्रातिबद्धता आती है। जब भी आपका मन अस्थिर होता है। शैलपुत्री उसे केंद्रित और प्रतिबद्ध करनेमें सहायता करती है। शैलपुत्रीका विवाह भी भगवान शंकरसे हुआ। इनका महत्व एवं शक्ति अनंत है।

जमीनके विवाद में दम्पतीपर हमला, मुकदमा

कीडगंज पुराने बैरहना स्थित मथवापुर में जमीन पर कब्जे के विवाद में दंपती पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है।

पीड़िता शकुंतला गुप्ता ने घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाते हुए चार नामजद और एक अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई है।

शकुंतला गुप्ता ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी संजय चौरसिया समेत अन्य लोग घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने धारदार हथियार से उन पर और राजू गुप्ता पर जानलेवा हमला किया।



नवरात्रको लेकर सजे बाजार, बढ़ी रौनक

श्रृंगारकी दुकानोंपर खरीदारीके लिए जुटी भीड़

नवरात्र उत्सव को लेकर लोगों ने घरों में तैयारी तेज कर दी है। नगर से लेकर कस्बों तक के मुख्य बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। रविवार से शुरू हो रहे नौ दिवसीय महाअनुष्ठान के लिए बाजारों में पूजा सामग्री, सजावटी सामान और माता रानी के श्रृंगार की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस समय नगर के मुख्य बाजार चौक और कटरा बाजार में सबसे ज्यादा चहल पहल देखी जा रही है। दुकानों पर लाल, पीले और सुनहरे गोटे वाली आकर्षक चुनरियां पचास से चार रुपये तक, कलश, नारियल, सिंदूर, कपूर और धूपबत्ती जैसे पूजन सामानों की खूब खरीदारी की जा रही है। बाजारों में सुबह से शाम तक पैर रखने की जगह नहीं रही है। महिलाएं व्रत के फलाहार सामान जैसे साबूदाना, सेंधा नमक, मखाना और कुट्टू के आटा की खरीदारी के लिए सुबह सें ही पहुंच रही हैं। बाजारों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा तैयार हो कर पहुंच चुकी हैं। घरों से लेकर पंडालों में स्थापना की तैयारी की जा रही है। नगर में जगह जगह कारीगरों द्वारा बेहद खूबसूरत और भव्य दरबार सजाया जा रहा है। पूजा पंडालों में भी विशेष लाइटिंग और फूलों की सजावट का काम अंतिम चरण में हैं। नगर के मुख्य बाजारों तेलियरगंज, सिविल लाइंस, बहादुरगंज, नखास कोहना, खुल्दाबाद, राजरूपपुर, अलोपीबाग, दारागंज, अल्लापुर में खरीदारी के चलते चहल पहल रही है।



आजाद अधिकार सेनाके विनोद कुमार मेजा विधानसभा प्रत्याशी घोषित

आजाद अधिकार सेना की राष्ट्रीय महासचिव डा.नूतन ठाकुर ने पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के उपरांत कार्यालय ज्ञापन जारी कर विनोद कुमार पाण्डेय को आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए २५९-मेजा विधानसभा क्षेत्र जनपद प्रयागराज से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है।

विनोद कुमार पाण्डेय आजाद अधिकार सेना के प्रदेश अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय सचिव हैं और पार्टी के बुनियादी सिद्धांतों अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के विरोध तथा आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा-के लिए कार्य कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने अपेक्षा की है कि श्री पाण्डेय पूरी निष्ठा, लगन और परिश्रम से पार्टी के सिद्धांतों एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

ब्रह्मासे मिले अमरताके वरदानसे रावणके मनमें जागा अहंकार

'राम वाटिका' में शुरू हुई 'गाथा रामकी' के तहत कटराकी रामलीला

श्री कटरा राम लीला कमेटी के तत्वावधान में 'राम वाटिका' में शनिवार को रामलीला अतुल रघुवंशी के निर्देशन में ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यय से सनातन सृष्टि के प्राकट्य और प्रभु श्री राम के अवतार की पृष्ठभूमि की संपूर्ण पौराणिक कहानी के साथ शुरू हुई। मंचन के प्रथम दिवस परं दर्शाया गया कि किस प्रकार जलमग्न ब्रह्मांड में भगवान नारायण की नाभि से प्रकट कमल पर ब्रह्मा का प्राकट्य हुआ। ब्रह्मा ने अपने संकल्प से अपने मानस पुत्रों (मरीचि, अत्रि, पुलस्त्य आदि) की रचना की, जिनसे ऋषियों की महान परंपरा का विस्तार हुआ। ऋषियों के ज्ञान और तपोबल से पृथ्वी पर धर्म एवं सत्य की स्थापना हुई। कथा आगे बढ़ती है और पुलस्त्य ऋषि के पौत्र तथा विश्रवा मुनि के पुत्र के रूप में दशानन रावण का जन्म होता है। रावण ने अपनी उग्र तपस्या और मस्तक अर्पण कर ब्रह्मा से अमरता एवं अतुलित बल का वरदान प्राप्त किया। वरदान मिलते ही रावण के मन में अहंकार और अधर्म का बीजारोपण हुआ। शक्ति के मद में चूर होकर रावण ने तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया। यक्ष, गंधर्व, देव और मानव सभी उसके अत्याचारों से त्रस्त हो गए। ऋषियों के यज्ञों को विध्वंस करना, धर्म स्थलों को नष्ट करना और साधु-संतों पर अत्याचार करना उसका नित्य नियम बन गया। संपूर्ण पृथ्वी अधर्म के भार से पीड़ित होकर रो उठी। रावण के बढ़ते आतंक से भयभीत होकर सभी देवता, दिक्पाल और मुनिगण ब्रह्मा की शरण में पहुंचे। इसके पश्चात् गो-रूप धारण किए हुए पृथ्वी देवी को साथ लेकर सभी देवता क्षीरसागर में भगवान श्री हरि विष्णु की स्तुति करने लगे। देवताओं की कातर पुकार सुनकर आकशवाणी हुई और भगवान विष्णु ने अभय वरदान देते हुए यह संकल्प लिया कि वह पृथ्वी का भार हरने और रावण का संहार करने के लिए शीघ्र ही अयोध्या में राजा दशरथ के यहां पुत्र रूप में अवतार लेंगे। रामलीला के मंचन से पूर्व मुख्य अतिथि शहर उत्तरी के विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई, पार्षद आनंद उर्फ आनू घिल्ड़ियाल, सोनिका अग्रवाल एवं श्री कटरा राम लीला कमेटी के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, महामंत्री उमेश चन्द्र केसरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी ने रामायण की आरती की। इस मौके पर उपाध्यक्ष विनोद केसरवानी, आनन्द अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मंत्री शिव बाबू गुप्ता, महेश चन्द्र गुप्ता, विपुल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चौरसिया, मीडिया प्रभारीः डा. पवन प्रजापति, व्यवस्थापक अलोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।



आजसे शुरू होगी श्रीपजावा-पथरचट्टीकी रामलीला

श्री महंत बाबा हाथीराम पजावा रामलीला कमेटी की ओर से ११ अक्तूबर को ही अतरसुइया स्थित पजावा रामलीला मैदान रामलीला एवं श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी की ओर से 'कथा रामराज की' के तहत रामलीला का मंचन रामबाग स्थित पथरचट्टी मैदान में शुरू होगा। दोनों रामलीलाओं का मंचन ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से होगी।

मण्डीमें पहुंची जबलपुरकी हरी मटर

मण्डी में जबलपुर की हरी मटर आ चुकी है। हालांकि कम आवक होने से मटर का भाव चढ़ा हुआ है। मध्य प्रदेश के जबलपुर की मटर मण्डी में सीमित मात्रा से आने पर भाव २०० रुपये प्रति किलों तक पहुंच गय। थोक बाजार में मटर एक हजार रुपये पसेरी बिकी। हालांकि पहली बार और बिल्कुल ताजी मटर देखकर कम ही मात्रा में व्यापारियों ने खरीदी।

शनिवार को मण्डी की हर आढ़त पर सब्जियों का थोक भाव अलग-अलग रहा। जैसा माल, वैसी कीमत गुणवत्ता के आधार पर नेनुआ रु ५० प्रति किलो, बोड़ा रु ७० प्रति किलो, खीरा रु ३० प्रति किलो, बैगन रु २० से २५ प्रति किलो, करेला रु २८ से ३० प्रति किलो, शिमला मिर्च रु ५० से ५५ प्रति किलो, हरी धनियां रु १६० प्रति किलो, सोया रु १०० प्रति किलो, गोभी रु ३० से ३५ प्रति नग, मिर्चा रु ५५ प्रति किलो, भिण्डी रु २५ प्रति किलो, पत्ता गोभी रु २५ प्रति नग, लौकी रु २५ से ३० प्रति नग, करेला रु २५ प्रति किलो टमाटर रु ५५० से ६५० प्रति क्रेट(२५ किग्रा), अदरक रु ५०प्रति किलो आदि भाव रहा।

